## संक्षिप्त

### भागवत समिति की आमसभा कल

**बांसवाडा**, (निसं)। श्रीमद् भागवत समिति की आम सभा कल रविवार को मंदारेश्वर मार्ग स्थित गौशाला परिसर में होगी। बैठक में समिति के समस्त आजीवन सदस्य भाग लेंगे। सचिव डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि आम सभा की बैठक में 2 से 10 मई तक श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर में आयोजित होने वाली नौ दिवसीय गणेश महापुराण कथा की तैयारियों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में विशाल धार्मिक अनुष्ठान के सुचारू संचालन के लिए समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाएगी। आम सभा की तैयारियों को लेकर श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर में समिति के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष रवीन्द्रलाल मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पीएल नागर, आरके खन्ना, मणिलाल जोशी, रेखा कंसारा, सचिव डॉ. द्विवेदी, सह सचिव ईश्वरदास वैष्णव, कोषाध्यक्ष नगेन्द्र दोसी चावलवाला, अरूण मेहता, देवेन्द्र शाह, दिव्येश उपाध्याय, मुकेश भावसार ने अपने विचार व्यक्त किए।

### यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार सम्पन्न

**उदयपुर**, (निसं)। बहुप्रतीक्षित सिंधी समाज के बालोंको किशोरों का ग्यारवां यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार सेक्टर 14 स्थित संत कंवर राम भवन,उदयपुर में संपन्न हुआ। संयोजक रतन इसरानी ने बताया कि सिंधी जन सेवा समिति के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ परिवार के सदस्यों के सहयोग से इस वर्ष 55 बालको को जनेऊ धारण कराए गए। कार्यक्रम में बालको के अभिभावक और परिजनों के साथ उदयपुर सिंधी समाज के प्रमुख नानकराम कस्तूरी, मुरली राजानी, किशन वाधवानी, वाशदेव राजानी, उमेश मनवानी, गिरीश राजानी, प्रकाश रूचंदानी, मूलचंद वलेचा, मुकेश खिलवाणी, सुखराम बालचंदानी, अशोक गेरा, कमलेश चैनानी, किशोर पाहुजा, अशोक मंदवानी, सुरेश कटारिया कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थिति थे।

### व्हील चेयर और स्ट्रेचर भेंट की

**उदयपुर**, (कासं)। अपने जनहित के सेवा उद्देश्यों पर आगे बढते हुए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन 'जीतो' ने मानव स्वास्थ्य की दिशा में फिर कदम बढाया। कोरोना काल मे ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और आइसोलेशन सेंटर के व्यापक सहयोग के बाद इस महावीर जयंती पर जीतो ने उदयपुर के राजकीय महाराणा भूपाल चिकित्सालय को 25 व्हील चेयर और 25 स्ट्रेचर भेंट किये गए। जीतो उदयपुर चैप्टरके मुख्य सचिव कमल नाहटा ने बताया कि महावीर जयंती पर 14 अप्रैल की शाम को आरएनटी मेडिकल कॉलेज के बोर्ड रूम में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में आम जन के उपयोगार्थ यह सामग्री प्रदान की गई।इस अवसर पर जीतो उदयपुर चैप्टर के चेयरमैन राजकुमार सुराणा ने कहा कि जीतो मानव मात्र की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और अपनी जिम्मेदारी निभाता रहा है।

### हनुमानजी की होगी विशेष पूजा-अर्चना

**उदयपुर**, कासं)। हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नाइयों की तलाई स्थित श्री 1008 जाग्रत हनुमानजी मंदिर में हनुमानजी को स्वर्ण बरक और चांदी के डंकों की विशेष आंगी धारण कराई जाएगी। इस उपलक्ष्य में हनुमानजी को भव्य छप्पन भोग धराया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है।

### कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का ज्वार

**बांसवाडा**, (निसं)। रोहनिया रामसिंह में चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के दूसरे दिन 1100 गंगाजल कलश की शोभा यात्रा निकाली गई । सज्जनगढ कस्बे से 3 किलोमीटर दूर रोहनिया रामसिंह सबरस देवी मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय लबाना समाज के तत्वावधान में दुर्गा सप्तशती चंडी पाठ उद्यापन एवं 13 पाटोत्सव महापर्व एवं 108 कुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ सामूहिक यज्ञोपवि एवं गुरु हरिदास महाराज मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रात: रोहनिया रामसिंह में अधिकतर युवा भगवा वस्त्र धारण किये एवं हाथों में भगवा झंडे लिए नजर आए। कार्यक्रम स्थल से 1 किलोमीटर दूर राठ कॉलोनी में बैंड बाजे ढोल ढमाकों के साथ गंगा जल भरने के लिए महिलाएं युवा बुजुर्ग सभी नाचते गाते राठ कॉलोनी पहुंचे जहां आचार्य कांतिलाल जोशी और रमेश चंद्र जोशी ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद गंगाजल के घडे भरे गए।

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उदयपुर पहुंचे, डबोक एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत



उदयपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया।

**उदयपुर**, (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को विशेष विमान से उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन व पूर्व केबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा भी उनके साथ थे। विमानतल पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों की अगवानी की। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, आईजी हिंगलाज दान, जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा व एसपी मनोज चौधरी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। यहां एयरपोर्ट परिसर में जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने भी मुख्यमंत्री का उपरना, पगडी व माला इत्यादि से स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक व गिर्वा प्रधान सज्जन देवी कटारा, पूर्व उप जिला प्रमुख लक्ष्मीनारायण पंड्या, समाजसेवी पंकज कुमार शर्मा, पार्षद अरूण टांक, धुव कुमार कविया, सुरेश श्रीमाली, वीरन्द्र वैष्णव, दिनेश श्रीमाली, फिरोज अहमद शेख, भगवान सोनी, सुभाष चित्तौडा, राजवीर मेघवाल, अशोक तम्बोली, संजय माधवानी, पूरण मेनारिया, फतहसिंह राठौड, भीमसिंह चुण्डावत, नवलसिंह चुण्डावत, भपेन्द्र सिंह अरोडा, अन्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कुछ देर एयरपोर्ट विश्राम गृह में रूकने बाद मुख्यमंत्री गहलोत एयरपोर्ट के बाहर उपस्थित स्थानीय जन प्रतिनिधियों, शहरवासियों, ग्रामीणजनों व अन्य प्रबुद्धजनों से मिलने पहुंचे जहां सभी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मीडिया प्रतिनिधियों से भी रूबरू हुए और यहां से हेलीकॉप्टर से डूंगरपुर के लिए प्रस्थान कर गये।

इधर प्रदेश सचिव व कांग्रेस मीडिया सेंटर अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने डबोक एयरपोर्ट पर एवं सुखाडिया सर्कल पर सूत की माला एवं पगडी पहनाकर ढोल नगाडों के साथ भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में फिरोज अहमद शेख, सुधीर जोशी, अशोक तम्बोली, सुभाष चितोडा, भगवान सोनी, उस्मान खान, निजाम खान, संदीप गर्ग, वसीम खान, कैलाश विश्नोई, अनिल राजपुरोहित सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**डूंगरपुर:** आजादी की गौरव यात्रा के तहत रतनपुर बॉर्डर पर आगमन पर स्वागत कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बजट 2022 में नई पेंशन समाप्त कर पुरानी पेंशन लागू करने के फलस्वरूप न्यू पेंशन स्कीम एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ राजस्थान टीम डूंगरपुर के द्वारा 21 किलो की माला पहनाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर दशरथ कोटेड जिला संयोजक, रमेशचंद्र डामोर राज्य सचिव, जितेंद्र सिंह बियोला, जितेंद्र अहारी जिला संरक्षक, दिनेश कोटेड संयुक्त सचिव, हरिराम लबाना, लाल शंकर पटेल, बाबूलाल कोटेड एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने मरीजों की पूछी कुशलक्षेम :** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को उदयपुर-डूंगरपुर यात्रा पर रहे। इस दौरान उन्होंने उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का निरीक्षण किया और वहां चतुर्थ तल पर स्थित आईसीयू में उपचाररत मरीजों व घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

**जनसुनवाई में उमडे लोग :** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को उदयपुर यात्रा पर रहे, इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। मुख्यमंत्री को अपने बीच आया हुआ देखकर बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे और अपनी-अपनी परिवेदनाओं को मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने भी तसल्ली से सभी परिवादियों को सुना और उनकी परिवेदनाओं को लेकर इनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## विद्यापीठ की मेजबानी में पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 17 से



उदयपुर में ट्राफी एवं मेडल का अनावरण कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, सचिव डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. दिलिप सिंह चौहान, विनोद साहू आदि ने किया।

**उदयपुर** (कासं) । जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के स्पोट्स की मेजबानी में श्रमजीवी महाविद्यालय के बेडलिया सभागार में आगामी 17 से 24 अप्रेल तक आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी पॉवर लिफ्टिंग महिला एवं पुरूष प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को दी जाने वाली ट्राफी एवं मेडल का अनावरण शुक्रवार को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, सचिव डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. दिलिप सिंह चौहान, विनोद साहू ने किया।

इस मौके पर प्रो. सारंगदेवोत ने प्रतियोगिता के तहत की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कहा कि बाहर से आने वाले खिलाडियों को किसी प्रकार की रहने , खाने व अन्य किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसका पूरा ध्यान रखे। आयोजन सचिव डॉ. भवानी पाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर की 160 विश्वविद्यालयों की टीमें के 2 हजार से अधिक खिलाडी भाग लेगे। पुरूष वर्ग में 59, 66, 74, 83, 93, 105, 120 व 120 से अधिक किलो वर्ग के पॉवर लिफ्टिंग मुकाबले शहर वासियों को देखने का मिलेगे। शुक्रवार को बाहर से आने वाली टीमों के आने का क्रम शुरू हो गया है शुक्रवार तक मुम्बई, गुजरात, मध्यप्रदेश, कर्नाटक , तमिलनाडु, हरियाणा, पंजाब की 40 से अधिक टीमे पहुंच गयी है जिन्हे उदयपुर की विभिन्न होटलों व धर्मशाला में ठहराया गया है। देर रात अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के रेफरी भी उदयपुर पहुंच गये है। आफिसल मिटिंग शनिवार को डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि शनिवार को सायं 4 बजे प्रतियोगिता स्थल पर आफिसल मिटिंग होगी जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के रेफरी बाहर से आने वाली टीमों के कौच को प्रतियोगिता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। प्रतियोगिता को पूरी तरह पारदर्शी बनाये रखने की लिए पूरे प्रतियोगिता की रिकार्डिग की जायेगी।

## मजबूत बुनियाद से विकास के मार्ग प्रशस्त होते हैं : दीयाकुमारी



तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंची सांसद दीया कुमारी ने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया।

**जयपुर**। सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि वो दिन गए जब गांव गरीब और किसान के नाम पर कांग्रेस द्वारा वोट मांगे जाते थे लेकिन होता कुछ नहीं था। आज पीएम मोदी ने जो कहा वो करके दिखाया है।

जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंची सांसद दीयाकुमारी ने पहले दिन भीम विधानसभा में भारत सिंह जी का गुढ़ा पारड़ी और कुम्भलगढ़ विधानसभा में काबरी महादेव से सरदारगढ़ गलवा में प्रधानमंत्री ठाम सड़क योजना (पीएमजीसीवाई) के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत बुनियाद से विकास के मार्ग प्रशस्त होते हैं। प्रधानमंत्री की महत्वाकांशी ग्राम विकास सड़क योजनाओं से गावों की पहुंच बढ़ी है। आवागमन के साथ-साथ गांव के जीवन स्तर में बड़ा सुधार आया है। आमेट के तेरापंथ भवन आयंबिल चैत्री ओली जैन समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान जेन सन्तो का आशीर्वाद लेते हुए क्षेत्र के विकास की कामना की। इस अवसर पर सांसद दियाकुमारी ने कहा कि अहिंसा और अनुशासन के पथ पर चलकर समाज और राष्ट्र में हिंसा के खिलाफ जागृति लानी चाहिए।

भारत सिंह जी के गुढ़ा में आमेट से अनोपपुरा वाया माद नराणा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लागत राशि 13.96 करोड़ से स्वीकृत सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों के अनुरोध पर सांसद दीयाकुमारी ने सांसद मद से सामुदायिक भवन हेतु 15 लाख रु की घोषणा की। काबरी महादेव में काबरी महादेव से सरदारगढ़ सड़क के 6.72 करोड़ और बड़गांव में मोरचा-समीचा-बड़गांव सड़क का लागत मूलत: 7.78 करोड़ है।

## बामनिया ने किया रविदास छात्रावास का शुभारंभ

**बांसवाडा**, (निसं)। राज्यमंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने अंबेडकर जयंती पर यादव समाज सेवा संस्थान की ओर से स्थापित किये गये संत रविदास छात्रावास का विधिवत शुभारंभ किया।

बामनिया ने बाबा साहेब के पद्चिह्नों पर चलकर उच्च पदों पर पहुंचकर समाज व देश का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने बीस लाख रुपये की लागत से हॉल बनाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर नगर परिषद् सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने परिसर का समतलीकरण करने व ब्लॉक लगाने की घोषणा की। इससे पूर्व राजेन्द्र रायकवाल व प्रभुलाल परमार ने बामनिया एवं त्रिवेदी का साफां बांधकर स्वागत किया। वहीं संस्थान के प्रकाश रायकवाल, कांतिलाल यादव, राजेन्द्र परमार, हरीश गिरदावर, शंकरलाल यादव, विरेन्द्र यादव, रामलाल, राजकुमार, प्रकाश संडेरा, अरविन्द, लक्ष्मण सुनार्थी, नारायण, मुकेश संडेरा, नितेश, देवीलाल, मोतीलाल व रमेश संडेरा ने भी अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान अध्यक्ष महेशचंद्र सुनार्थी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्थान के सदस्यों का परिचय कराया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद देवीलाल यादव ने समाज विकास पर बल दिया। शंकरलाल यादव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभावान छात्रों के लिए यह पुस्तकालय सहायक होगा।

वीणा यादव ने बालिका शिक्षा पर बल दिया। इस अवसर पर हीरालाल संडेरा, अमरजी भगत, रमेश परमार, अनिल, रुपाजी, हीराभाई, नारायण परमार, नारायण सियोती, किशन संडेरा, भुवनेश सुनार्थी, सुरज कोटपरा, धर्मेन्द्र सुनार्थी, नरेश आदि ने सहयोग प्रदान किया। संचालन पूर्व नर्सिंग अधीक्षक शंकरलाल ने किया जबकि आभार संस्था सचिव अरविन्द कोटपरा ने माना।

## कांग्रेस नेता के पुत्र ने सीएम से की निजी स्कूल की शिकायत

- भीण्डर के डिस्कवरी स्कूल का मामला
- कांग्रेस पार्षद पति पुष्करराज साहू ने की शिकायत

**भीण्डर**, (निसं)। भीण्डर का डिस्कवरी स्कूल का मामला अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने चला गया है। इस स्कूल की शिकायत लेकर कांग्रेस पार्षद मोनिका साहु के पति पुष्कर साहु ने शुक्रवार को उदयपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन सौंपा। गहलोत ने आश्वस्त किया कि विभाग को निर्देश देकर जल्द कार्यवाही की जायेगी।

ज्ञापन में बताया कि मेरी पुत्री दिव्यांशी साहु भीण्डर के डिस्कवरी किड्स स्कूल में यूकेजी कक्षा में अध्ययनरत है। जब विद्यालय में नामांकन करवाया था तब स्कूल की फीस एक मुश्त जमा करवा दी थी। उस समय स्कूल प्रबंधन ने बकाया फीस के बारे में नहीं बताया था। लेकिन जैसे ही परीक्षा सम्पन्न हुई तो मेरी बच्ची का रिजल्ट रोक दिया। इसको लेकर स्कूल के प्रबंधन से बात करने पर बताया तो फीस बकाया होना बताया।

इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा चालू सत्र के दौरान पार्षद पति को फीस जमा कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा अवगत नहीं कराया गया ना ही पुत्री की विद्यालय की दैनिक डायरी में ऐसा कोई रिमाइंडर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कभी नहीं लिखा गया। वहीं पार्षद पति पुष्कर राज साहू ने बताया कि मेरे साथ विद्यालय के एमडी राजेंद्र साहू की पत्नी ने किरण साहू फोन पर अभद्रता से बातचीत करते हुए कहा कि तेरी बच्ची को हमने कचरे के ढेर से उठा कर लाकर यहां एडमिशन दिया या अगर ऐसा है तो तू अपनी बच्ची को दूसरे स्कूल में ले जाकर फेंक दें।

पार्षद पति ने जब कहा कि स्कूल में पेरेंट्स या बच्चों को इधर-उधर फेंकने के लिए एडमिशन कराते हैं तो गाली गलोज करते हुए कहा कि तुझे जो करना है वह कर ले जब रिजल्ट टीसी मांगी तो मना कर दिया। इस मामले को लेकर पार्षद पति पुष्कर राज साहू ने मुख्यमंत्री गहलोत को ज्ञापन के माध्यम से इस मामले की पूरी जांच की मांग करते हुए और अंकुशहीन विद्यालय प्रबंधन के विरूद्ध कार्रवाई तथा विद्यालय का पंजीयन रद्द करने की मांग की।

# महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

- प्रतिभावान छात्र-छात्रा, वर्षी तप तपस्वियों का बहुमान एवं महिला चौबीसी गीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



निम्बाहेड़ा में जन्म कल्याणक महोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान किया।

**निम्बाहेड़ा**, (निसं)। सकल जैन श्रीसंघ निम्बाहेड़ा के तत्वावधान में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इसी सन्दर्भ में जैन जागृति सेन्टर के तत्वावधान में रात्रि में राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर पर जैन युवा प्रतिभा सम्मान, वर्षी तप की तपस्या करने वाले तपस्वियों का बहुमान एवं महिला चौबीसी गीत कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी थे, अध्यक्षता भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के संयोजक शांतिलाल मारू ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जैन संघों के अध्यक्ष रतनलाल पोरवाल, मोतीलाल रांका, सोहनलाल जैन, मनीष बाबेल, मुकेश नागोरी, बाबूलाल सिंघवी, समरथ मल सिंघवी, कमल डागा मौजूद रहे। सम्मान समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा भगवान श्री महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पूर्व विधायक व संस्था के अध्यक्ष अशोक नवलखा ने स्वागत भाषण देते हुए संस्था की गतिविधियों व आयोजन के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान आमजन के हीतार्थ किए गए कार्यों के लिए जैन समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैन समाज से जब-जब किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्कता पड़ी उसी समय समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर अपना सहयोग प्रदान किया। उन्होने भगवान महावीर स्वामी एवं जैन साधू संतों के द्वारा दिखाए गए प्रेरणादायक मार्गों के बारे में बताया। कृपलानी ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने एवं उनमें अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति कुछ कर गुजरने की भावना जागृत करने के लिए समय समय पर इस प्रकार के सम्मान समारोह आयाेजित होते रहने चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चेलावत ने बताया कि जैन जागृति सेंटर निम्बाहेडा के द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के सीए, सीएस, एमबीबीएस, इंजिनियरिंग, एमबीए सहित उच्च शिक्षा के क्षेत्र सहित दसवी एवं बाहरवी कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 80 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का अतिथियों के द्वारा उपरनाा ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सकल संघ की महिला चौबीसी आयोजन के साथ वर्षी तप की तपस्या करने वाले 22 तपस्वी भाई बहिनो का शाल, श्रीफल, उपरना व धर्म प्रभावना के साथ बहुमान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी हस्तीमल दुग्गड़ व समुन्दर सिंह सिंघवी का भी उनके योगदान के लिए अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेन्द्र सिंघवी ने किया। संस्था की ओर से अतिथियों का स्वागत राकेश चोरड़िया, विमल कोठारी,वीरेश चपलोत प्रदीप मोदी, संतोष जैन, अतुल सेठिया, वीरेंद्र मारू, जितेंद्र सिंघवी, कुलदीप नाहर, मनीष सिंघवी, अखिलेश जैन, रवि मोदी, सिद्धराज सिंघवी, मनोज पटवारी, मनोज डांगी, गजेंद्र छाजेड़, पवन जैन, उमराव हिंगड़, विमल जेतावत, प्रदीप मारवाड़ी, आशीष बोड़ाना, लोकेश राठौड़, निर्मल रांका, पारस मल जैन, नरेन्द्र जैन, अनुराग सिंघवी, गौरव चपलोत, नीलेश सहलोत, संजय चपलोत, रत्नेश छाजेड़, बलवन्त चपलोत, प्रदीप लोढ़ा, बंटी नाहर, प्रवीण सिंघवी आदि ने किया।

## सार-समाचार

### छात्रों ने पुलिस थाना का विजिट किया

**उदयपुर**, (कासं)। अनुष्का विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शुक्रवार पुलिस थाना का विजिट किया। डॉ. अनुष्का विधि महाविद्यालय के निदेशक डॉ. एस. एस. सुराणा ने बताया कि अनुष्का विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रायोगिक कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद हारून छिपा के निर्देशन में प्रताप नगर पुलिस थाना का विजिट किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 3 उदयपुर डॉ. पियूष जैलिया भी उपस्थित थे। डॉ. जैलिया ने विधार्थियों को संज्ञेय व असंज्ञेय अपराध, जमानतीय व अजमानतीय अपराध, पुलिस अनुसन्धान के पश्चात न्यायालय की भूमिका पर विस्तार से समझाया एवं विधार्थियों के प्रश्नों का उतर देकर उनकी जिज्ञासा शांत की। थानाधिकारी मांगीलाल ने छात्र-छात्राओं को थाने की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। जीरो एफ.आई.आर. क्या होती है, जमानत कितने समय में मिलती है, एफ.आई.आर. और परिवाद में क्या अंतर है, के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा थाने में स्थित स्वागत कक्ष, मालखाना, बंदीगृह, रिकॉर्ड रूम, रिसर्च रूम, विमन काउंसलिंग रूम, बालक डेस्क का अवलोकन करवाया तो वही पुलिस थाने में आने वाले मामलो में पुलिस की भूमिका के बारे में छात्रों को समझाया ।

### ग्रामीण अंचलों में डॉ. अंबेडकर को श्रद्धा से याद किया

**बांसवाडा**, (निसं)। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामीण अंचलों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर सामाजिक समरसता बनाये रखने का आव्हान किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद की जिला शाखा के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अंबेडकर सर्कल पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सालिया, रोहिडा आदि स्थानों पर भी रैली निकाली गई। कार्यक्रमों में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कोदरलाल बुनकर, अखिल भारतीय बलाई समाज संगठन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल बुनकर, करुणा फाउंडेशन के अध्यक्ष गोपाल तलदार, अधिवक्ता पारस चौहान, समाजसेवी नटवरलाल वाल्मीकि, जवान सिंह गरासिया, भूपेन्द्र राठौड, रणछोड गर्ग, राजेश खडिया, जितेन्द्र सांडेरा, आशीष गणावा, राजमल दामा, मुकेश मईडा आदि मौजूद रहे। इधर आबापुरा में एक विवाह समारोह में परिषद् की ओर से दुल्हन मनीषा डिंडोर को बाबा साहेब की तस्वीर भेंट की गई। इस अवसर पर जिला परिषद् सदस्य काली देवी, बहादुर मईडा, मदनलाल मईडा, राकेश मईडा उपसरपंच, गटूलाल डिंडोर, भरत यादव, राजेश खडिया, राजू भाई यादव, महिपाल बारिया, मांगीलाल, सुंदर देवी सरपंच आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्रपालजी मंदिर में मेले की शुरुआत

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के खडगदा गांव में भगवान श्री क्षेत्रपालजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के 3 दिवसीय मेले की शुरुआत शुक्रवार को हुई। निरंजनी अखाडे क्षीरेश्वर के महंत हरगोविंद पुरी के हाथों मेले का शुभारंभ किया गया। मोरन नदी के किनारे स्थित क्षेत्रपालजी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्रपाल दादा के जयकारे गूंज उठे। शनिवार को गंगाजल कलश यात्रा और भगवान की पालकी निकाली जाएगी। हनुमान जयंती को लेकर खडगदा के क्षेत्रपाल मंदिर में 2 साल बाद मेला भर रहा है। शुक्रवार सुबह खडगदा गांव के भगवान लक्ष्मीनारायणजी के मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा होली चौक होते हुए भगवती माता के मंदिर पहुंची यहां दर्शन के बाद शोभायात्रा ग्वाल चौक से बस स्टैंड होते हुए भगवान श्री क्षेत्रपालजी के मंदिर पहुंची। इस दौरान मंदिर के संस्थापक नाथू भट्ट और मेला संस्थापक पंडित नंदलाल दीक्षित की समाधि पर पुष्प अर्पित किए गए। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित ने बताया कि कोरोना काल के बाद मेले का आयोजन हो रहा है। मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए दुकानें भी लगाई गई है।

### महिला सम्मेलन अभिनंदन समारोह

**उदयपुर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के सामाजिक न्याय पखवाडे के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति कल्याण कार्यक्रम एवं जनजाति स्वयं सहायता समूह एवं जनजाति महिला सम्मेलन अभिनंदन समारोह शोभागपुर स्थित मोटा देवरा प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम प्रभारी एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री संतोष मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, ग्रामीण विधायक फुलसिंह मीणा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, केंद्र सरकार द्वारा महीला उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष किरण तातेड, जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता जोशी, जिला परिषद सदस्य सुनीता मांडावत, मंडल अध्यक्ष गिरीश शर्मा, प्रधान प्रतिभा नागदा, शोभागपुरा सरपंच जसोदा डांगी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित पार्टी के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं जनजति समाज की महिला बहनों ने भाग लिया।

### 11 कन्याओं को भेंट की एफडी

**उदयपुर**, (कासं)। उम्मेद सेवा संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को पद्मश्री रघुवीर सिंह सिरोही ने 11 कन्याओं को प्रत्येक को पांच हजार की एफडी व एक पौधा सौंपा गया। संस्थान के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि संस्थान द्वारा क्षेत्र में जन्म लेने वाली प्रत्येक वर्ग की बालिका को पांच हजार की एफडी देने के संकल्प के तहत शुक्रवार को पद्मश्री रघुवीर सिंह सिरोही के हाथों 11 कन्याओं को पांच-पांच हजार की एफडी व एक-एक पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में रघुवीर सिंह सिरोही का संस्थान अध्यक्ष भभूत सिंह ने माल्यार्पण कर, पगडी पहना स्वागत बहुमान किया। बाद में रघुवीर सिंह सिरोही ने संस्थान में लगी ठाकुर कुशाल सिंह जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संस्थान सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने इन्हें संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो से रूबरू कराते हुए वर्ष भर में किए गए कार्यो को बताया। इस अवसर पर भरतभानु सिंह देवडा, फतेह सिंह देवडा, औनार सिंह सिसोदिया, राम सिंह सिसोदिया, प्रेम सिंह, माधव सिंह, चेतन सिंह देवडा, प्रेम गमेती आदि उपस्थित थे।

### ध्वज यात्रा निकाली

**कपासन**, (निसं)। बजरंग व्यामशाला रघुनाथद्वारा कपासन द्वारा नगर में अखाड़ा प्रदर्शन के साथ ध्वज यात्रा निकाली। पहलवानों ने आकर्षक प्रदर्शन कर करतब दिखाए। नगर में श्री हनुमान जन्मउत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को बजरंग व्यामशाला रघुनाथ द्वारा कपासन के पहलवानों ने अखाड़ा के साथ नगर में ध्वज यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान अखाड़ा का मार्गो में पहलवानों ने करतब दिखाए। ध्वज यात्रा श्री रघुनाथद्वारा मंदिर से दोपहर बाद शुरू हुई राजेश्वर तालाब कपासन स्थित सरोवर हनुमान जी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां शुक्रवार को रात्रि को धार्मिक अनुष्ठान के साथ यज्ञ हवन होगा और शनिवार प्रात: मुहूर्त में परंपरा अनुसार विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ ध्वज चढ़ाया जाएगा ध्वज यात्रा के इस दौरान नायब तहसीलदार इसाक मोहम्मद, पुलिस थाना एसआई सीताराम, कस्बा चौकी इंचार्ज सुभाष चंद यादव सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा

### हनुमान व पीपा जन्मोत्सव पर प्रतिष्ठान बंद रहेंगे

**बांसवाडा**, (निसं)। सज्जनगढ हिंदू युवा संगठन के तत्वाधान में 16 अप्रेल को कस्बे में हनुमान व पीपा जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में शनिवार को दोपहर 3 बजे से कस्बे के हिंदू समाजजन अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। हनुमान पीपा जन्मोत्सव को लेकर श्री राम मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए शिव मंदिर प्रांगण पहुंचेगी जहां भव्य सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं तैयारियां को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है।

### राजस्व मंत्री जाट आज आएंगे

**बांसवाडा**, (निसं)। राजस्व मंत्री रामलाल जाट 16 अप्रेल को डूंगरपुर से प्रात: 9 बजे रवाना होकर प्रात: 11 बजे बांसवाडा आएंगे तथा यहां जिला कलक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक लेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश बुनकर ने राजस्व मंत्री की यात्रा में सामान्य प्रोटोकॉल, एस्कोर्ट एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए उपखण्ड अधिकारी को प्रोटोकॉल/लाईजनिंग अधिकारी के रूप में साथ रहने के निर्देश दिये हैं।